Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

## सिटी ऑफ ब्रैम्पटन 1 से 7 नवंबर तक कार्बन मोनोऑक्साइड जागरूकता सप्ताह मना रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (28 अक्तूबर, 2022) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, 1 से 7 नवंबर तक कार्बन मोनोऑक्साइड जागरूकता सप्ताह (Carbon Monoxide Awareness Week) मना रही है। कार्बन मोनोऑक्साइड जागरूकता सप्ताह, कम्युनिटी को गंधहीन, स्वादहीन, दिखाई न देने वाली गैस, कार्बन मोनोऑक्साइड के बारे में जानकारी देने पर केंद्रित है, इस गैस में बड़ा नुकसान पहुंचाने की क्षमता है। इस वर्ष का विषय है, "जिसे आप देख नहीं सकते, सूंघ नहीं सकते और न ही स्वाद ले सकते हैं, वह आपको मार सकता है!" और यह कार्बन मोनोऑक्साइड के चालू अलार्मों के महत्व को दोहराता है।

ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Brampton Fire and Emergency Services), निवासियों को याद दिलाता है कि कार्बन मोनोऑक्साइड के चालू अलार्म आपकी जिंदगी बचा सकते हैं। याद रखने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव:

- घर के सोने वाले सभी भागों के साथ कार्बन मोनोऑक्साइड के चालू अलार्म इंस्टॉल करें।
- महीने में एक बार अलार्मों को टेस्ट करें। ऐसे अलार्मों का प्रयोग करने के बारे में सोचें, जिनमें 10-वर्ष चलने वाली लिथियम बैटरी हो, जो आपको चिंतामुक्त रखे।
- अपने घर से बचकर निकलने की योजना बनाएं और वर्ष में दो बार इसका अभ्यास करें।
- कभी भी गैराज में किसी भी वाहन को गर्म न करें या किसी वाहन को निष्क्रिय न छोड़ें।
- कभी भी घर या गैराज के अंदर तंदूर या प्रोपेन कूकरों के साथ भोजन न पकाएं।
- कभी भी घर या गैराज के अंदर प्रोपेन हीटर का प्रयोग न करें।

कार्बन मोनोऑक्साइड जागरूकता सप्ताह और घर से बचकर निकलने की योजना बनाने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया यहां जाएं:

- कार्बन मोनोऑक्साइड जागरूकता सप्ताह (Carbon Monoxide Awareness Week)
- घर से बचकर निकलने की योजना (Home Escape Plan)
- घर से बचकर निकलने की योजना (कई भाषाओं में) (Home Escape Plan (multi-language)

**हवाले**

"इस कार्बन मोनोऑक्साइड जागरूकता सप्ताह, मैं हर किसी को सलाह देता हूं कि अपने घर में कार्बन मोनोऑक्साइड अलार्म इंस्टॉल करें और घर से बचकर निकलने की योजना बनाएं; ये महत्वपूर्ण कार्रवाईयां, ब्रैम्पटन को स्वस्थ और सुरक्षित शहर बनने में योगदान देती हैं। कार्बन मोनोऑक्साइड साइलेंट किलर (मौन हत्यारा) है। लगातार जानकारी और सुरक्षा तथा बचाव के प्रति जागरूकता, हमारे

निवासियों को सुरक्षित रखने और ज़िंदगियां बचाने में मदद कर सकती है।"
- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सुरक्षा आपसे शुरू होती है! हम सभी निवासियों को सलाह देते हैं कि कार्बन मोनोऑक्साइड के खतरों के बारे में जानें और घर में खुद को अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाएं। अपनी घर से बचकर निकलने की योजना बनाएं और सुनिश्चित करें कि कार्बन मोनोऑक्साइड अलार्म इंस्टॉल किए हुए हैं और नियमित रूप से टेस्ट किए जाते हैं।"
- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"कार्बन मोनोऑक्साइड जागरूकता सप्ताह, हमारी कम्युनिटी के लिए इस गैस के खतरों के बारे में और इस बारे में महत्वपूर्ण जानकारी अवसर प्रदान करता है कि आपके घर में कार्बन मोनोऑक्साइड का जहर फैलने से कैसे रोकना है। प्रत्येक उस घर में सोने वाले सभी भागों के साथ कार्बन मोनोऑक्साइड का चालू अलार्म होना जरूरी है, जिसमें ईंधन से जलने वाले उपकरण और/या अटैच्ड गैराज है। कृपया महीने में एक बार कार्बन मोनोऑक्साइड के अलार्मों को टेस्ट करें और वर्ष में कम से कम एक बार बैटरियां बदलें। इसके अलावा, परिवारों के पास घर से बचकर निकलने की योजना होनी चाहिए और वर्ष में दो बार इसका अभ्यास करना चाहिए।"
- *बिल बोएस (Bill Boyes), फायर चीफ, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca